## जंगल में मिला सड़ा-गला शव, पहचान नहीं

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले के इंदवार थाना क्षेत्र अंतर्गत बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पतौर रेंज के बकेली बीट से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बुधवार सुबह गश्त कर रहे वन विभाग के कर्मचारियों को जंगल के भीतर एक सड़ा-गला शव पड़ा मिला। शव से कुछ ही दूरी पर एक पेड़ की डाली से लटकती रस्सी भी दिखाई दी। ऐसे में यह साफ नहीं हो सका कि मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या का।

जानकारी के अनुसार, बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की पतौर रेंज में वनकर्मी नियमित गश्त पर थे। बकेली बीट के जंगल में जैसे ही वे आगे बढ़े, उन्हें तेज दुर्गंध का आभास हुआ। पास जाकर देखने पर झाड़ियों के बीच एक युवक का सड़ा-गला शव मिला। शव की स्थिति अत्यंत खराब थी, जिससे पहचान कर पाना भी मुश्किल हो रहा था। वनकर्मियों ने तुरंत इसकी सूचना अपने उच्च अधिकारियों और इंदवार थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू की। शव के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला है, जिससे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

### पेड़ पर लटका था रस्सी का फंदा



चौंकाने वाली बात यह है कि शव के पास ही एक पेड़ की डाली से रस्सी का फंदा लटका मिला है। यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मृतक ने फांसी लगाई थी और बाद में रस्सी से गिर गया, या फिर हत्या कर शव को वहां फेंका गया। पुलिस ने रस्सी को सबूत के तौर पर जब्त कर लिया है। शव की हालत देखकर माना जा रहा है कि घटना कुछ दिन है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच हर एंगल से कर रही है। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से सबूत जुटाए हैं। मृतक की पहचान के लिए आसपास के गांवों में दर्ज गुमशुदगी की रिपोर्ट की भी पड़ताल की जा रही है।

पतौर रेंज के रेंजर ने बताया, वनकर्मियों की सतर्कता से जंगल में शव मिला है। पुलिस को सूचना दे दी गई थी और अब मामला उनकी जांच के अधीन है। वहीं, इंदवार थाना प्रभारी ने कहा, शव की स्थिति को देखते हुए यह मामला आत्महत्या का भी हो सकता है और हत्या का भी। हम हर पहलू से जांच कर रहे है।

## बाल मजदूरी कराने वाले पर 20 हजार से लेकर 50 हजार तक का जुर्माना

**शहडोल, देशबन्धु।** विश्व बालश्रम निषेध दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ.केदार सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्रम निरीक्षक चरणा गुप्ता ने बताया कि बाल मजदूरी करवाना कानूनी अपराध है। 14 साल से कम उम्र का बच्चा मजदूर के रूप में काम नहीं कर सकता, बाल मजदूरी करवाने वाले व्यक्ति को दो साल तक जेल की सजा हो सकती है, बाल मजदूरी कराने वाले को 20 हजार रूपये से लेकर 50 हजार रूपये तक का जुर्माना हो सकता है।

### विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर आयोजित किया गया कार्यक्रम

इस कानून के तहत 14 से 18 वर्ष तक के बच्चे जिन्हे किशोर कहा जाता है. खतरनाक व्यवसाय एवं उद्योगों में काम नहीं कर सकते है, 14 साल से कम उम्र का बच्चा अपने परिवार में मदद कर सकता है, बशर्ते वह व्यवसाय खतरनाक नहीं हो। यह काम भी बच्चा स्कूल से आने के बाद या छुट्टियों में ही कर सकता है।

14 से 18 वर्ष के किशोर, खान, ज्वलन पदार्थ एवं खतरनाक प्रक्रियाओं में काम नहीं कर सकता है। खतरनाक व्यवसाय, जैसे ऑटोमोबाइल वर्कशॉप / गैराज, सर्कस, हाथियों की देखभाल, साबुन बनाना, अगरबत्ती बनाना, कचरा उगना और कबाड़ चुनना, चूना भट्ठा तथा घरेलू श्रम सहित अन्य 86 व्यवसाय एवं प्रक्रियाओं में काम नहीं कर सकता है, इस कानून के तहत बाल श्रम से संबंधित शिकायत कोई भी नागरिक पुलिस 100, चाइल्डलाइन 1098, पेंसिल पोर्टल 222.श्चद्गठ्ठ-ष्ढ्ढद्य.द्दश1.द्बठ्ठ पर कर सकता है। इसी प्रकार कार्यक्रम में बाल मजदूरी के संबंध में अन्य जानकारियां भी साझा की गई।

इस अवसर पर मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल, डीपीसी श्री अमरनाथ सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ऑनलाइन आवेदन 24 जून तक आमंत्रित

**शहडोल।** आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग मध्यप्रदेश ने आकांक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 हेतु जेईई, एनईईटी एवं सीएलएटी की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कक्षा 10वी में अध्यनरत अनुसूचित जनजाति वर्ग के इच्छुक विद्यार्थियों से आवेदन लिये जाने हेतु निर्देश जारी है। आकांक्षा योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जेईई प्रतियोगी परीक्षा के लिए कुल स्वीकृत सीट 400 के मान से विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा।

## सार-समाचार

### गिलोधर के पीएफ 801 में मिले 12 से ज्यादा गड्ढे

#### उमरिया में तीन क्रेशर प्लांटों के पास हो रहा अवैध खनन



**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले में वन विकास निगम के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध पत्थर उत्खनन हो रहा है। गुरुवार को गिलोधर परिक्षेत्र के पीएफ 801 में जांच के दौरान 12 से अधिक गड्ढे मिले हैं। इनमें से 4 गड्ढे कुछ महीने पुराने हैं।

### मुख्यमंत्री संबल योजना की अनुग्रह सहायता राशि का वितरण आज

**शहडोल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना की अनुग्रह सहायता राशि का हितग्राहियों को हितलाभ वितरण का कार्यक्रम 13 जून 2025 को बरगी, जिला जबलपुर से आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अनुग्रह सहायता राशि का वितरण सिंगल क्लिक कर डी.बी.टी. के माध्यम से सीधे हितग्राहियों के खाते में किया जाएगा। हितलाभ वितरण कार्यक्रम का लाईव प्रसारण सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में होगा। उक्ताशय की जानकारी श्रम निरीक्षक शहडोल ने देते हुए बताया है कि कार्यक्रम में जिला अंतर्गत संबल योजना के 86 हितग्राहियों को 1 करोड़ 75 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि का भुगतान मुख्यमंत्री जी द्वारा हितग्राहियों के खातों में डी.बी.टी. के माध्यम से किया जाएगा।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए गए नवीन खेत तालाब के कार्य

**शहडोल, देशबन्धु।** जल को बचाएं जीवन को बचाए जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत ग्राम सुडवार में नवीन खेत तालाब के कार्य किए गए।

### ब्यौहारी जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन

**शहडोल, देशबन्धु।** खरीफ फसल के पूर्व किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु जिले में 29 मई से 12 जून तक कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ब्यौहारी जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान, डॉ. अल्पना शर्मा एवं डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम चचाई, बोड्डिहा, निपनिया, बाणसागर,पसग?ी, पपौंध, भन्नी, पपरे?ी तथ सरसी मे कृषि शिविरो का आयोजन कर कृषि संबंधी जानकारी दी गई तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई। खेती की उन्नत तकनीक, फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण के संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई।

### कुपोषित बच्चे का किया गया उपचार

शहडोल कुपोषण से जंग आर.बी.एस.के. के संग जिले को कुपोषण मुक्त करने के उद्देश्य से कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा के निर्देशन पर स्वास्थ के मैदानी अमले द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे है। जिला प्रबंधक आर.बी.एस. के. श्रीमती कंचन पटेल ने बताया कि आर.बी.एस. के टीम डॉ. प्रियंका की अगुवाई में जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम कुकरौंध क्षेत्र का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान कुपोषित बच्चा मिला जिसे एन.आर.सी. मे भर्ती करने की सलाह दी गई। लेकिन काफी समझाने के बाद भी बच्चे के परिजन उसे एन.आर.सी. गोहपारू में भर्ती करने की तैयार नही हुये। तत्पश्चात् आर.बी.एस. के.टीम और ग्राम पंचायत सरपंच के काफी समझाइश के बाद बच्चे को जिला अस्पताल के पी.आई.सी.यू. भर्ती कर उपचार किया गया।

## मोदी सरकार के कार्यकाल में देश ने तरक्की की : रामलाल रौतेल

### मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल के तहत प्रेस कांफ्रेंस आयोजित

**उमरिया, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत उमरिया जिले के भाजपा कार्यालय कुशाभाव ठाकरे सदन भरौली में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त) रामलाल रौतेल सहित भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल, विधायक शिवनारायण सिंह सहित काफी संख्या में प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, यूट्यूब और वेब पोर्टल के पत्रकार मौजूद रहे।

मोदी सरकार की 11 साल बेमिसाल के तहत आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कोल विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रामलाल रौतेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के विकसित भारत का अमृत काल, सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल बेमिसाल रहे हैं उन्होंने मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए जनहित ऐसी और जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि आज का भारत सशक्त, समृद्ध और शक्तिशाली है। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सरकार के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर चलाया जिसमे भारत की वीर सेना ने पाकिस्तान में पल रहे आतंकवादियों और उनके ठिकानों को मिसाइल और गोला बारूद से ध्वस्त कर दिया। जिससे पाकिस्तान सरकार भारत के सामने घुटने टेक दिए।

श्री रौतेल बताया कि आज भारत अर्थव्यवस्था में चौथे पायदान पर हैं मोदी सरकार का प्रयास तीसरे पायदान की ओर अग्रसर है। मोदी सरकार ने जनधन योजना से प्रत्येक गरीबों का बैंक में खाता खुलवाया जिससे आज हर एक गरीब मजदूर का बैंक में खाता है। पूर्व के कांग्रेस पार्टी के प्रधानमंत्री रहे स्वर्गीय राजीव गांधी कहां करते थे कि हमारी सरकार दिल्ली से 1 रुपये भेजती है लेकिन जमीनी स्तर पर 25 पैसे ही पहुंच पाते हैं, लेकिन आज की मोदी सरकार के द्वारा किसी भी योजना या हितग्राही मूलक योजनाओं से हितग्राहियों को शत प्रतिशत लाभ और पैसा पहुंच रहा है। सरकार ने रेलवे और रेलवे स्टेशनो का कायाकल्प करने के लिए योजना चलाई है, जिसमें आप सभी देख सकते हैं कि रेलवे स्टेशनों को सुसज्जित व व्यवस्थित बना दिया गया है, आवागमन के लिए ट्रेनों को भी बढ़ाया गया है।

उन्होंने बताया कि हमारे अन्नदाता किसान का सम्मान और आय बढ़ी है। देश के वैज्ञानिक के द्वारा चंद्रयान और गगनयान की सफलता के साथ मोदी सरकार ने उनका हौसला और सम्मान बढ़ाया है। मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर में चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा ब्रिज बनाया है जो एक अद्भुत और ऐतिहासिक है। देश में मोबाइल यूजर 116 करोड़ के आसपास हैं और लगभग सभी इंटरनेट का भी उपयोग कर रहे हैं। सड़कों के माध्यम से प्रत्येक गांव की कनेक्टिविटी शत प्रतिशत की गई है। देश भर में लगातार कई शहरों में एयरपोर्ट बनाए गए है। 81 करोड़ परिवार को 5 किलो मुफ्त अनाज देने का काम किया गया है इसके अलावा पीएम आवास के माध्यम से गरीबों के पक्के मकान बने हैं। देश के भीतर नक्सली गतिविधियों को रोकने के लिए मोदी सरकार प्रयास में है और वर्तमान में 80 फ़ीसदी नक्सलियों का खात्मा किया जा चुका है। आयुष्मान योजना से पात्र लोगों का 5 लाख तक का मुफ्त इलाज किया जा रहा है इसके अलावा अब सरकार 70 वर्ष के और उससे ऊपर के लोगों का भी आयुष्मान कार्ड बनाने जा रही है।

उन्होंने बताया कि भारत देश समृद्ध और शक्तिशाली होने का यह भी प्रमाण सबके सामने आया था जब यूक्रेन रूस का युद्ध हो रहा था तब पाकिस्तान के लोग जो यूक्रेन में रह रहे थे वह भारत का झंडा लेकर निकले और भारत का झंडा देखकर युद्ध रुक गया था। इससे यह साबित होता है कि भारत दुनिया भर में एक विकसित और समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र के




रूप में उभरा है भारत का दुनिया में सम्मान के कारण आज हर एक भारतीय गौरवान्वित है। और यह सब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृण इच्छा शक्ति का परिणाम है।

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने पत्रकारों से रूबरू होते हुए मोदी सरकार की 11 साल बेमिसाल के तहत संकल्प से समृद्धि अभियान के बारे में बताया। उन्होंने अपने आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी उन्होंने बताया कि हमारी सरकार 70 वर्ष के आयु वाले बुजुर्गों का भी आयुष्मान कार्ड बनाने जा रही है। श्री अग्रवाल ने भाजपा के द्वारा प्रोफेशनल मीट के आयोजन में भी पत्रकारों की उपस्थिति के लिए आग्रह किया। अंत में उन्होंने पत्रकार वार्ता में काफी संख्या में पहुंचे पत्रकारों का आभार भी जताया हैं। इस दौरान भाजपा की वरिष्ठ नेता शंभू लाल खट्टर, जिला उपाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह, सुमित गौतम, विनय मिश्रा सहित भारी संख्या में पत्रकार गण उपस्थित रहे।

## नवजात शिशु व गर्भवती माताओं की मृत्यु दर कम करने हेतु प्रभावी रणनीति बनाकर अमल करें : आयुक्त

**शहडोल, देशबन्धु।** आयुक्त शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने नवजात शिशु एवं गर्भवती माताओं की मृत्यु दर कम करने हेतु प्रभावी रणनीति बनाकर अमल करने के निर्देश संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टरों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए। अ

आपने निर्देश दिए कि गर्भवती माताओं का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना सुनिश्चित किया जाए। इन माताओं की नियमित चार बार जांच हो। दो जांचे चिकित्सों के माध्यम से कराई जाएं। संस्थागत प्रसव को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। प्रत्येक मौत की रिपोर्ट आनी चाहिए साथ ही मौत के कारणों का विश्लेषण भी किया जाना चाहिए। हाई रिस्क माताओं को प्रसव के पूर्व उपयुक्त अस्पतालों में रेफर किया जाए। गर्भवर्ती माताओं में आयरन की कमी को दूर करने के लिए आयरन की गोलियां शुरू से ही सेवन करने को प्रोत्साहित किया जाए। संभाग के सभी कलेक्टर नियमित रूप से बैठक लेकर समीक्षा करें तथा कारणों का विश्लेषण कर कमियों को दूर कराएं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने नवजात शिशुओं एवं गर्भवती माताओं के मृत्यु के कारणों की जानकारी दी।

## कांग्रेस संगठन में नई ऊर्जा भरने पहुंचे आब्जर्वर, सृजन अभियान को लेकर बनाई रणनीति

**उमरिया, देशबन्धु।** कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाने और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए पाटी द्वारा सृजन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और मनोनीत आब्जर्वर राजेश ठाकुर उमरिया पहुंचे।



दौरे की शुरुआत उन्होंने एक प्रेस वार्ता के माध्यम से की, जिसमें अभियान की रूपरेखा साझा करते हुए बताया कि यह पहल प्रदेशभर में जिला और ब्लॉक स्तर पर संगठन को मजबूती देने, युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और जमीनी पकड़ मजबूत करने के लिए चलाई जा रही है। प्रेस वार्ता में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अजय सिंह और पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा भी मौजूद रहे। इसके पश्चात ठाकुर ने स्थानीय सामुदायिक भवन में आयोजित कांग्रेस की संगठनात्मक बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में जिला, ब्लॉक, मंडल और सेक्टर स्तर के कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। चर्चा का केंद्र बिंदु पार्टी की वर्तमान स्थिति, संगठनात्मक संरचना की समीक्षा और भविष्य की कार्ययोजना रही।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, आब्जर्वर का यह दौरा केवल औपचारिकता नहीं बल्कि जमीनी हकीकत को समझने का गंभीर प्रयास है। बुधवार को दोपहर 3 से 6 बजे तक वे कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन संवाद करेंगे, जिसमें संगठन की नब्ज टटोलने और उनकी भूमिकाओं को लेकर राय जानने का प्रयास होगा। वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि सृजन अभियान से पार्टी में संवाद और समन्वय को गति मिलेगी तथा संगठनात्मक स्तर पर मजबूती आएगी। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय सिंह ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर संगठन को सशक्त बनाने की अपील की।

## अपने ही मतदान केन्द्र का मतदाता होगा बीएलओ

**शहडोल, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 23 मई 2025 को दिल्ली में आयोजित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के सम्मेलन में दिये गये निर्देशानुसार किसी भी मतदान केन्द्र में नियुक्त किया जाने वाला बी.एल.ओ. (बूथ लेवल अधिकारी) अब उसी मतदान केन्द्र का मतदाता होना चाहिए। संबंधित विधानसभा क्षेत्र का ई.आर.ओ. (निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी) किसी मतदान केन्द्र के लिए राज्य सरकार या स्थानीय सरकार के किसी भी समूह के सी श्रेणी और उसके ऊपर के नियमित सेवारत कर्मचारियों में से उस केन्द्र का मतदाता होने पर बीएलओ नियुक्त कर सकेगा।

इस आशय की जानकारी मंगलवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश सुखबीर सिंह ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग बैठक में दी। शहडोल एनआईसी के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, ईआरओ सोहागपुर श्री अरविंद शाह, निर्वाचन सुपरवाईजर श्री संजय खरे उपस्थित रहे। शेष सभी ईआरओ वर्चुअल रूप से जुडे रहे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचन संबंधी तीन बिंदुओं के एजेण्डे पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि उस मतदान केन्द्र में नियमित राज्य, स्थानीय सरकारी कर्मचारी नहीं मिलने पर संबंधित ई.आर.ओ. द्वारा हस्ताक्षरित और

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की वीडिया कांफ्रेंसिंग

डीईओ द्वारा प्रति हस्ताक्षरित एक गैर उपलब्धता प्रमाण पत्र (अनुबंध-1) भरवाकर आंगनवाडी कार्यकर्ता, अनुबंध शिक्षकों अथवा केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के बीच बीएलओ नियुक्त कर सकेगा।

यदि इन दोनों स्थितियों में बीएलओ की पूर्ति नहीं हो रही तब इन कर्मचारियों की अनुपस्थिति में विधानसभा क्षेत्र का ईआरओ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के पूर्व अनुमोदन से उस क्षेत्र में कार्यरत अन्य कर्मचारियों की श्रेणी से बीएलओ नियुक्त कर सकेगा। किसी भी अन्य मामले में सीईओ के माध्यम से आयोग से पूर्व अनुमोदन अनिवार्य होगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आयोग के निर्देशानुसार 13 जून तक सभी मतदान केन्द्रों के लिए बीएलओ की मैपिंग का कार्य पूर्ण कर लेने के निर्देश ईआरओ को दिये हैं। उन्होंने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार अब एक मतदान केन्द्र में अधिकतम 1200 मतदाता ही शामिल रहेंगे। पहले यह मतदाता संख्या 1500 थी।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में आयोग और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म के फालोअर्स भी बढाने के संबंध में चर्चा की गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी बीएलओ, शासकीय सेवक इन प्लेटफार्म से जुडे। मतदाताओं की जागरूकता के लिए ग्रुप एम्बेसडर, एएलसी ग्रुप एवं बूथ लेवल के अधिकारी, जागरूकता मंच सक्रिय रहे। उन्होंने जिला स्तर पर भी प्रिंट, इलेक्ट्रानिक, सोशल मीडिया, इन्फ्लुएंसर, आजीविका समूह तथा सामाजिक संगठनों को भी ग्रुप में जोडने की सलाह दी।

## मिनी ब्राजील के नाम से विख्यात जिले के ग्राम विचारपुर की फुटबाल टीमों की मुख्यमंत्री जी ने की सराहना

**शहडोल, देशबन्धु।** प्रदेश के बच्चे खूब खेलें आगे बढ़ें। दुनिया भर में प्रदेश का नाम रोशन करें। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्यौहारी जनपद मुख्यालय में आयोजित राज्य स्तरीय कोल जनजातीय सम्मेलन के अवसर पर मिनी ब्राजील के नाम से विख्यात ग्राम विचारपुर के 10 फुटबाल टीमों के सदस्यों तथा कोच को सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने पॉडकास्ट के माध्यम से ग्राम विचार पुर की खेल प्रतिभाओं की सराहना पूरे दुनिया भर में की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने फुटबाल टीमों को 10 लाख रूपए देने की घोषणा की, खिलाड़ी बच्चों की फुटबाल पर ऑटोग्राफ भी दिया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश के बच्चों की पढ़ाई तथा खेल प्रतिभाओं को निखारने में सरकार कोई कसर नहीं रखेगी। विचार पुर ग्राम के छात्र-छात्राओं की फुटबाल टीम तथा फुटबाल के प्रति उनके लगाव से मैं गदगद हूं। ये खिलाड़ी बच्चे अपने गांव तथा प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में रोशन करें इन्हें मेरी शुभकानाएं है।मुख्यमंत्री ने राष्टीय फुटबाल खिलाड़ी सुहानी कोल, सानिया कुंडे, सपना गुप्ता, पूनम बैगा, रागनी मरावी, सहायक संचालक खेल रईस अहमद एवं कोच अजय सोंधिया को खेल सामग्री एवं फुटबाल पर ऑटोग्राफ दिए।